**Need to construct high dams on rivers in Northern Bihar bordering Nepal to prevent floods**

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सुपौल बिहार का सीमावर्ती तथा नेपाल से सटा हुआ बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है । प्रत्येक वर्ष बाढ़ आने से जान-माल की काफी क्षति होती है । नेपाल में भारी वर्षा और बाढ़ होने के कारण पूरे उत्तरी बिहार में बाढ़ आ जाती है और यह अंतर्राष्ट्रीय मामला है । मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि नेपाल में हाईडैम का निर्माण कराया जाए, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे उत्तरी बिहार में जान-माल की क्षति को रोका जा सके ।